प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.04.2025/प्रादेशिक समाचार/18.00 बजे

## वक्फ विधेयक

लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 पर आज चर्चा हो रही है। संयुक्त संसदीय समिति इस विधेयक को पहले ही मंजूर कर चुकी है। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इसका मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है और यह केवल वक्फ बोर्डों से संबंधित संपत्तियों से संबंधित है। उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ बोर्डों को समावेशी और धर्मनिरपेक्ष बनाना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कानून किसी मस्जिद के प्रबंधन के लिए नहीं है। किरेन रिजिजू ने कानून को भविष्योन्मुखी बताते हुए कहा कि यह पूर्वव्यापी नहीं है और इसका उद्देश्य किसी की संपत्ति जब्त करना नहीं है। किरेन रिजिजू ने कहा कि मौजूदा विधेयक के अनुसार वक्फ बोर्डों में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों, महिलाओं और गैर–मुस्लिमों व अन्य लोगों का प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने विपक्ष पर विधेयक को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

किरेन रिजिजू ने कहा कि 2013 में यूपीए शासन के दौरान वक्फ अधिनियम में संशोधन किए गए थे, जिसका अन्य कानूनों पर व्यापक प्रभाव पड़ा।

## वक्फ विधेयक–2

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में कुल एक सौ 23 संपत्तियां दिल्ली वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित की गईं। उन्होंने कहा कि कानून बनाते समय संयुक्त संसदीय समिति के साथ–साथ सरकार ने हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श किया था। उन्होंने सवाल किया कि भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा वक्फ संपत्तियां हैं, फिर भी भारतीय मुसलमान गरीब क्यों हैं। विपक्ष को जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कैबिनेट द्वारा अनुमोदित संयुक्त संसदीय समिति द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श के बाद यह विधेयक लाया गया है।

## हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज सिरमौर जिला के शिलाई में 19 करोड़ की लागत से बनने वाले सौ बिस्तरों के नागरिक अस्पताल भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए  सौ बिस्तरों की व्यवस्था होगी। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश में प्राथमिकता के आधार पर दूरदराज क्षेत्रों के अस्पतालों में ढांचागत व स्टॉफ सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिलाई क्षेत्र के लिए 68 करोड़ की डीपीआर स्वीकृति के लिए भेजी गई है जिसमें से 28 करोड़ सिवरेज के लिए और 30 करोड़ से पानी व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## राजीव भारद्वाज

केंद्रीय पंचायतीराज राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने बताया है कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के तहत हिमाचल प्रदेश के चंबा और लाहौल स्पिति जिलों के लिए दो–दो करोड़ रूपए की लागत से जिला पंचायत संसाधन केंद्र स्वीकृत किए हैं। आज लोकसभा में सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज के सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इन जिला पंचायत संसाधन केंद्रों के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायतों संस्थानों से जुड़े हितधारक समूहों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## इंदू गोस्वामी

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत वर्ष 2024–25 के दौरान दस लाख 36 हजार शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत दस करोड़ 20 लाख बच्चों को गर्म पोष्टिक खाना प्रदान किया गया। राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी के सवाल के जवाब में संसद में उन्होंने ये जानकारी दी। जयंत चौधरी ने बताया कि योजना के तहत वर्ष 2023–24 में 11 हजार 6 सौ करोड़ रूपए और वर्ष 2024–25 में 12 हजार 4 सौ 67 करोड़ 39 लाख रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले बच्चों को पोष्टिक खाना दिया जा रहा है।

## नवरात्रि

चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य पर आज मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों दर्शन कर सुख, समृद्धि और उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं। इस दौरान मंदिरों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं और धार्मिक आयोजन से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।